तापमान
अधिकतम 33 .0 डिग्री
न्यूनतम 23 .0 डिग्री

हरिभूमि
सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

12 रामलीला में गूंजे जयकारें प्रभू श्री राम ने तोड़ा शिवधनुष, सीता संग रचाया विवाह



12 मां चंद्रघंटा की आराधना से मिला चिरायु, आरोग्य, सुखी व संपन्न होने का वरदान



खबर संक्षेप

पिस्तौल व दो जिंदा कारतूस सहित आरोपित गिरफ्तार

सोनीपत। एसयूएजी यूनिट सेक्टर-7 की पुलिस टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में फाजिलपुर निवासी दीपक उर्फ कोका को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक देसी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। न्यायालय में पेश करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, 12 अक्टूबर को मुख्य सिपाही प्रदीप अपनी टीम के साथ जीटी रोड पर सेक्टर-7 फ्लाईओवर के नीचे गश्त कर रहे थे।

6 किलो चूरापोस्त के साथ आरोपी पकड़ा

गन्नौर। गन्नौर क्राइम यूनिट ने बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश के कासगंज निवासी ईश्वर देव को 6 किलो 308 ग्राम चूरापोस्त के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है पुलिस के अनुसार, 13 अक्टूबर को सहायक उप निरीक्षक प्रदीप अपनी टीम के साथ जीटी रोड स्थित गन्नौर फ्लाईओवर के नीचे गश्त कर रहे थे।

गांव नाहरी में अवैध कॉलोनियां की ध्वस्त

सोनीपत। सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण (एसएमडीए) ने गांव नाहरी की राजस्व संपदा में 03 और 01 एकड़ पर विकसित की जा रही अवैध कालोनियों को ध्वस्त किया गया। इस दौरान 09 डीपीसी और 2.5 एकड़ में फैले कच्चे रास्तों को ध्वस्त किया गया। जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) नीलम शर्मा ने बताया कि जिले में अवैध निर्माणों को प्रारंभिक चरण में ही ध्वस्त करने के लिए उपायुक्त नेहा सिंह के निर्देशानुसार प्रशासन द्वारा सख्त अभियान चलाया जा रहा है।

ग्राहक बनकर आया युवक सोने की बाली चोरी

सोनीपत। सुभाष चौक के पास स्थित निक्की ज्वेलर्स की दुकान पर खरीदारी के बहाने पहुंचे युवक पर आठ ग्राम की सोने की बाली चोरी करने का आरोप लगा है। घटना 25 अगस्त की शाम करीब छह से साढ़े छह बजे के बीच की है। दुकानदार ने युवक की तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। दुकान संचालक विनोद जैन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सुभाष चौक के पास उनकी निक्की ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। 25 अगस्त की शाम एक युवक ग्राहक बनकर दुकान पर आया था। वह सामान खरीदने के बहाने दुकान में पहुंचा और इसी दौरान आठ ग्राम की सोने की बाली लेकर चला गया।

कार चालक से सोने की चेन झपटी, आधी मौके पर गिरी

सोनीपत। राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर बहालगढ़ फ्लाईओवर के पास बाइक सवार दो युवकों ने कार चालक के गले से सोने की चेन झपट ली। वारदात के दौरान चेन का आधा हिस्सा टूटकर सड़क पर गिर गया, जबकि बाकी हिस्सा झपटमार लेकर फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर बहालगढ़ थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

छात्रों को एचआईवी एड्स व नशा मुक्ति पर दी जानकारी

सोनीपत। भगवान महावीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, जगदीशपुर में एचआईवी-एड्स और नशा मुक्ति विषय पर एक दिवसीय जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों और संस्थान के कर्मचारियों को स्वास्थ्य संबंधी गंभीर विषयों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन से हुआ। संस्थान के प्राचार्य डॉ. अनिल शर्मा और रजिस्ट्रार डॉ. ओ.पी. शर्मा ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया।

मानवाधिकार आयोग तक पहुंची शिकायत, परिणाम शून्य

टैक्स देने के बावजूद नगर निगम पर अनदेखी का आरोप

नगर निगम के अंतर्गत आने वाले गांव लहराड़ा की खातियों वाली गली में सीवरेज निकासी व्यवस्था के नहीं प्रबंध

गली की कच्ची नालियों को एनएचआई के बरसाती नाले में जोड़ने का चल रहा काम

शिकायतकर्ता ने गली निर्माण के बजाय भूमिगत सीवरेज प्रणाली अपनाने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत

नगर निगम के अंतर्गत आने वाले वार्ड-17 गांव लहराड़ा की खातियों वाली गली में आज तक सीवरेज निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। निगम का कारनामा तब उजागर हुआ कि गली की नालियों को लंबे अर्से से एनएचआई के बरसाती नाले से जोड़कर काम चलाया जा रहा है, जबकि नालियां भी पक्की नहीं हैं। उधर निगम समस्या का समाधान करवाने के बजाय गली के स्तर को ऊंचा उठाने की योजना तैयार कर रहा है। इस बीच काफी समय से नालियां ओवरफ्लो होने से दूषित पानी का घरों के आगे भराव होने से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। समस्या से छुटकारा पाने के लिए कुल लोग गली में मिट्टी डलवाकर सड़क के स्तर को ऊंचा बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि नालियों का पानी उनके घर के बाहर खड़ा होने से वह घर में कैद होने को मजबूर हैं। मामले में निगम आयुक्त को 7 बार शिकायत देने के साथ पुलिस कमीश्नर, मानवाधिकार आयोग, सीएम विंडो के माध्यम से सरकार से भी समाधान की गुहार लगाई गई है, लेकिन टैक्स देने के बावजूद उनकी अनदेखी की जा रही है।



सोनीपत। वार्ड-17 की खातियों वाली गली में दूषित जलभराव।

सड़क ऊंची करने के बजाय सीवरेज सुधारने की मांग

शिकायतकर्ता शीला देवी ने बताया कि उन्होंने निगम अधिकारियों से गली का पुनर्निर्माण करवाकर सड़क के स्तर को ऊंचा न करने के बजाय सीवरेज व्यवस्था दुरुस्त करवाने की कई बार मांग की है। जिस पर निगम अधिकारी लगातार सड़क के जमीनी स्तर को ऊंचा करने की योजना बना रहे हैं। मामले में 7,9,10,21 सितंबर, 6 व 13 अक्तूबर को निगम आयुक्त के अलावा 7 सितंबर को पुलिस कमीश्नर के नाम सीपी को शिकायत की गई। इसके अलावा 17 जुलाई को मानवाधिकार आयोग व 1 अक्तूबर को सीएम विंडो में शिकायत देकर सरकार से समाधान की गुहार लगाई गई। महिला ने बताया कि यदि एनएचआई (हाइवे) की जल निकासी प्रणाली (ड्रेनेज सिस्टम) की ठीक से सफाई करवा दी जाए, तो सड़क के स्तर को ऊंचा करने की कोई आवश्यकता नहीं पड़ेगी। निगम अधिकारी मामले में लगातार असमर्थता जा रहे हैं। ऐसे में पानी निकासी की व्यवस्था को ठीक किए बिना सड़क को ऊंचा बनाना व्यर्थ है। उन्होंने कहा कि जब गली की निकासी हाइवे के बरसाती नाले से जुड़ी रहेगी, तब तक समस्या का समाधान नहीं हो सकेगा। उनकी मांग है कि सड़क का स्तर बढ़ाने के बजाय गली में पानी निकासी की व्यवस्था में सुधार किया जाए। गली में अंडरग्राउंड सीवरेज सिस्टम स्थापित किया जाए, ताकि दूषित जलभराव की समस्या को जड़ से खत्म किया जा सके।

निर्माण से पहले दुरुस्त हो निकासी व्यवस्था

महिला का आरोप है कि गली में कई नए मकान ऊंचे स्तर पर बने हैं, जबकि उनका मकान थोड़ा नीचे स्तर पर है। ऐसे में कई लोग गली में मिट्टी डलवाकर सड़क के स्तर को ऊंचा बढ़ा रहे हैं। जिससे कई दिन से दूषित पानी उनके घर के आगे खड़ा रहता है। उन्हें बाहर आने-जाने में परेशानी झेलनी पड़ रही है। उधर निगम अधिकारियों का कहना है कि भूमिगत सीवरेज प्रणाली लागू करने से पहले सड़क का स्तर ऊंचा करना अनिवार्य है। जिससे सरकार को भी आर्थिक नुकसान होगा। दूषित पानी की निकासी को सुगम बनाने के लिए जमीन के नीचे सीवरेज व्यवस्था बनाने का विकल्प ही बेहतर रहेगा। अन्यथा सीवरेज प्रणाली को स्थापित करने में ऐसा तरीका अपनाया जाए, ताकि सड़क के स्तर को ऊंचा करने की आवश्यकता न पड़े।

आयुक्त से लगाई गुहार

शीला देवी ने मांग की, कि सड़क का स्तर बढ़ाने के बजाय गली में भूमिगत सीवरेज व्यवस्था मुहैया करवाई जाए, क्योंकि मुख्य चिंता सीवरेज के ढलान से संबंधित नहीं है। जिलेभर में दूषित पानी की निकासी केंद्रीय संग्रह प्रणाली के रूप में कार्य करती है। उनकी आवासीय गली और इस 25 फीट गहरे सीवरेज बुनियादी ढांचे के बीच की दूरी हाइवे के साथ 296 मीटर है। वैकल्पिक रूप से 25 फीट गहरी सीवरेज लाइन तक पहुंचने के लिए हमारी गली के पिछले रास्ते से गुजारी जाए, तो दूरी करीब 675 मीटर तक बढ़ जाएगी।

जल्द होगा कार्य शुरू

लहराड़ा की खातियों वाली गली में होने वाले निर्माण कार्य में एक परिवार अड़चन डाल रहा है। मंगलवार को एक्सईएन और जेई के साथ गली का निरीक्षण किया गया। अगर परिवार ने दोबारा अड़चन डालने का प्रयास किया, तो विभागीय नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है। गली का निर्माण जल्द शुरू करवाया जाएगा।
-हर्षित कुमार, आयुक्त, नगर निगम, सोनीपत

अलग-अलग स्थान पर दो युवकों के शव लटके मिले

- बेगा रोड पर किराये के कमरे और रेल कोच फैक्ट्री के पीछे मिला शव, पुलिस जांच में जुटी, एफएसएल पहुंची मौके पर, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭गन्नौर

गन्नौर वह बड़ी औद्योगिक का क्षेत्र थाना पुलिस के अंतर्गत दो अलग-अलग स्थानों पर युवकों के फंदे से शव लटके मिले। पहली घटना में बेगा रोड के पास किराये के कमरे में युवक का शव मिला, जबकि दूसरी घटना में रेल कोच फैक्ट्री के पीछे सड़क पर युवक फंदे से लटका मिला।

सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। दोनों मामलों में फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए और शवों को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत सिविल अस्पताल भेज दिया।

बेगा रोड पर किराये के कमरे में मिला शव

पहली घटना में उत्तर प्रदेश निवासी रामकिशोर का शव बेगा रोड के पास उसके किराये के कमरे में मिला। वह करीब चार महीने पहले अपने भाई बृजकिशोर के साथ गन्नौर आया था और 70 माइलस्टोन पर हेल्पर का काम करता था।

उसके भाई के अनुसार, रामकिशोर रात करीब तीन बजे ड्यूटी समाप्त कर कमरे पर लौटा था। सुबह उसके मामा के लड़के ने उसके फंदे से लटके होने की सूचना दी।

इसके बाद मकान मालिक और पुलिस को जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने आवश्यक साक्ष्य जुटाए।

रेल कोच फैक्ट्री के पीछे मिला दूसरा शव

दूसरी घटना में बीएसटी कॉलोनी निवासी रामनित का शव रेल कोच फैक्ट्री के पीछे सड़क पर फंदे से लटका मिला। जांच अधिकारी विक्रम के अनुसार, राहगीरों से सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। रामनित पानीपत की एक फैक्ट्री में काम करता था और उसके दो बच्चे हैं। पुलिस के अनुसार, वह पिछले कई दिनों से मानसिक तनाव में था। पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में आवश्यक कार्रवाई की।

दोनों मामलों की जांच में जुटी पुलिस

पुलिस दोनों घटनाओं की विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है। फोरेंसिक साक्ष्यों और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

शाहपुर मोड़ पर ट्रैक्टर से टकराई बाइक, बेगा

गांव के 15 वर्षीय शोएब की मौत, दूसरा घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭गन्नौर

शाहपुर मोड़ पर मंगलवार सुबह मोटरसाइकिल और ट्रैक्टर के बीच हुई टक्कर में 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई, जबकि उसके साथ बाइक पर सवार 17 वर्षीय अनुज घायल हो गया। हादसे के बाद दोनों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल गन्नौर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उपचार के दौरान शोएब को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल युवक की हालत को गंभीर देखते हुए खानपुर मेडिकल रेफर किया। जानकारी के अनुसार, गांव बेगा निवासी शोएब पुत्र जावेद और अनुज



गन्नौर। मौके पर लोगों की भीड़।

पुत्र इकबाल मंगलवार सुबह मोटरसाइकिल पर सवार होकर गन्नौर शहर की तरफ आ रहे थे। जब वे शाहपुर मोड़ के पास पहुंचे तो उनकी बाइक व ट्रैक्टर की गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों किशोर घायल हो गए। लोगों ने घायलों को सरकारी अस्पताल गन्नौर पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने शोएब को मृत घोषित कर दिया, घायल का अनुज पीजीआई मेडिकल खानपुर में इलाज चल रहा है। जांच अधिकारी विक्रम ने बताया कि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया। वहीं घायल अनुज के परिजनों का भी रो-रो कर बुरा हाल है अनुज के पिता की कुछ समय पहले मौत हो गई थी अब परिवार पर दोबारा आफत का पहाड़ टूट पड़ा।

महिला मेडिकल कॉलेज ने जीती देश की पहली ट्राफी

- कालेज के छात्र नेतृत्व कार्यक्रम नेटवर्क आफ स्टूडेंट लीडर्स को प्रतिष्ठित आईएमयू-रोनाल्ड हार्डन इनोवेशन इन मेडिकल एजुकेशन अवार्ड-2026 से सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭गोहाना

खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंहराजकीय महिला मेडिकल कालेज की फैकल्टी टीम ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल की है। कालेज के छात्र नेतृत्व कार्यक्रम नेटवर्क आफ स्टूडेंट लीडर्स को प्रतिष्ठित आईएमयू-रोनाल्ड हार्डन इनोवेशन इन मेडिकल एजुकेशन अवार्ड-2026 से सम्मानित किया गया है। वर्ष 2008 में शुरू हुए इस पुरस्कार



गोहाना। निदेशक डॉ. जगदीश चंद्र दुरेजा प्रशस्ति पत्र देते हुए।

की रोलिंग ट्राफी पहली बार भारत आई है। 11 अक्टूबर को मलेशिया के कुआलालंपुर स्थित आईएमयू यूनिवर्सिटी में आयोजित 19वें अंतरराष्ट्रीय चिकित्सा शिक्षा सम्मेलन में यह पुरस्कार प्रदान किया गया। विभिन्न देशों से चयनित पांच नवाचारों को पुरस्कार के लिए चुना गया था। अंतरराष्ट्रीय निर्णायक मंडल ने इन नवाचारों का मूल्यांकन किया। निर्णायक मंडल में प्रोफेसर रोनाल्ड हार्डन भी शामिल थे, जिनके नाम पर यह पुरस्कार दिया जाता है।

नवाचार ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर बनाई पहचान

कॉलेज की ओर से नेत्र रोग विभाग की प्रोफेसर डॉ. सुमिता सेठी ने विजेता कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस उपलब्धि में डॉ. रेणु गर्ग और डा. रुचि अग्रवाल भी टीम का हिस्सा रहीं। टीम के कार्यक्रम को चिकित्सा शिक्षा में नवाचार और छात्र नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। फैकल्टी टीम ने इस उपलब्धि के लिए मेडिकल कालेज के निदेशक डा. जगदीश चंद्र दुरेजा और हरियाणा सरकार का आभार व्यक्त किया। टीम ने कहा कि संस्थान और सरकार के सहयोग से ऐसे नवाचारों को आगे बढ़ाने में मदद मिलती है।

बंद स्ट्रीट लाइट पहनकर पार्षदों ने किया प्रदर्शन

- शिकायत के बावजूद कई दिन तक ठीक नहीं होती लाइटें, पुरानी लाइटों की जगह नई लगाने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत

शहर में बंद स्ट्रीट लाइटों और पुरानी लाइटों की समय पर मरम्मत नहीं होने से परेशान निगम पार्षदों ने सोमवार को अनोखे अंदाज में विरोध जताया। निगम पार्षद प्रतिनिधि एवं जिला पार्षद संजय बड़वासनिया के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम आयुक्त से मुलाकात कर समस्या के समाधान की मांग की। इस दौरान पार्षदों ने अपने शरीर पर बंद स्ट्रीट लाइटें लगाकर प्रदर्शन किया और अधिकारियों का ध्यान शहर की खराब पड़ी लाइटों की ओर आकर्षित



सोनीपत। स्ट्रीट लाइट पहन कर विरोध प्रदर्शन करते हुए पार्षद।

किया। प्रतिनिधिमंडल में निगम पार्षद राजेश मलिक, बिट्टू नवीन, अनुराग जैन, मुकेश बामनिया, लक्ष्मीनाथ तनेजा, संजय मिश्रा और निगम पार्षद प्रतिनिधि मुकेश सैनी शामिल रहे। उन्होंने कहा कि शहर की कई गलियों में स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं। स्थानीय लोग लगातार शिकायतें कर रहे हैं, लेकिन शिकायत दर्ज कराने के बावजूद लाइटों को ठीक करने में कई दिन लग जाते हैं। इससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पार्षदों ने कहा कि कई स्थानों पर पुरानी लाइटें खराब हो चुकी हैं। उनकी बार-बार मरम्मत कराने के बजाय नई लाइटें लगाई जानी चाहिए। साथ ही, शिकायत मिलते ही खराब लाइटों को ठीक करने की व्यवस्था बनाई जाए, ताकि लोगों को लंबे समय तक अंधेरे में न रहना पड़े। उन्होंने निगम आयुक्त से मांग की कि नई स्ट्रीट लाइटें लगाने के साथ पुरानी और खराब लाइटों को बदलने तथा शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए।

सांदल कलां में फायरिंग व मारपीट, दो युवकों को चोटें, चार गाड़ियों में तोड़फोड़

गन्नौर। सांदल कलां गांव के अड्डे पर आपसी रंजिश के चलते फायरिंग, मारपीट और वाहनों में तोड़फोड़ करने के मामले में शिकायतकर्ता सागर उर्फ सन्नी निवासी सांदल कलां ने सुमित सहित कई युवकों पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाने, फर्सों से हमला करने और गाड़ियों को क्षतिग्रस्त करने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर थाना एचएसआईआईडीसी बड़ी में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत के अनुसार, सागर गांव ललहेड़ी कलां में प्रवीन के साथ गली निर्माण का ठेकेदारी कार्य करता है। 12 अक्टूबर को शाम करीब साढ़े पांच बजे वह अपने दोस्त प्रवीन उर्फ बच्ची के साथ क्रेटा गाड़ी में सांदल कलां अड्डे पर पहुंचा था। वहां उसका दोस्त अमित भी ब्रेजा गाड़ी लेकर आया हुआ था। इसी दौरान पुरखास की तरफ से चार-पांच गाड़ियों में सवार होकर आए युवकों ने कथित तौर पर उन पर हमला कर दिया। सागर का आरोप है कि सुमित ने पिस्तौल से उस पर सीधा फायर किया, लेकिन वह झुक गया और गोली उसे नहीं लगी। इसके बाद दो अन्य युवकों ने भी फायरिंग की।

सड़क दुर्घटना में घायल महिला की उपचार के दौरान मौत, मामला दर्ज

खरखौदा। गांव खांडा से खरखौदा आते समय मोटरसाइकिल को बस ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे मोटरसाइकिल सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे उपचार के लिए सोनीपत के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 12 अक्टूबर को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव खांडा निवासी मनजीत का कहना है कि नौ अक्टूबर को वह अपनी मां मेसो देवी को मोटरसाइकिल पर बैठाकर खरखौदा आ रहा था। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे जब वे ड्रेन नंबर आठ नासिरपुर चौलका के पास पहुंचे तो पीछे से तेज गति से आई बस ने उनकी मोटरसाइकिल को पीछे और साइड से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मां-बेटा मोटरसाइकिल सहित सड़क पर गिर गए। मनजीत का कहना है कि चालक बस रोककर उनके पास आया, लेकिन बाद में बस लेकर मौके से फरार हो गया। हादसे में मनजीत और उसकी मां घायल हो गए। दोनों को खरखौदा के सरकारी अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया, गंभीर हालत के चलते परिजन मेसो देवी को सोनीपत के निजी अस्पताल ले गए।

एसडीएम ने पनीर, मक्खन और घी के नमूने लेने के दिए निर्देश

त्योहारों पर मिलावट रोकने को दो जोन में निगरानी

- आमजन खरीदारी के समय खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और शुद्धता का ध्यान रखें

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत


त्योहारों के सीजन में आमजन को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाने के लिए प्रशासन ने निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम सुभाष चंद्र की अध्यक्षता में लघु सचिवालय में आयोजित बैठक में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांचने, नमूने लेने और बड़े आपूर्तिकर्ताओं पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए गए। जिले को निगरानी



सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद अधिकारीगण।

के लिए दो जोन में बांटा गया है। सोनीपत-1 जोन में सोनीपत, राई, कुंडली और गन्नौर, जबकि सोनीपत-2 जोन में खरखौदा, गोहाना और खानपुर कलां शामिल हैं। एसडीएम ने विशेष रूप से पनीर, मक्खन और घी के नमूने लेकर जांच करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि त्योहारों में खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ने के कारण मिलावट रोकना जरूरी है। आमजन खरीदारी के समय खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और शुद्धता का ध्यान रखें। बैठक में उर्वरकों और कीटनाशकों के उचित उपयोग पर भी चर्चा हुई। कृषि अधिकारियों ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की जानकारी दी। एसडीएम ने विभागों को आपसी समन्वय से काम करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. अलंकृता गेरा, एफएसओ डॉ. बिरेन्द्र सिंह और जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण मलिक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

SHIVA SHIKSHA SADAN
DEV NAGAR, KAKROI ROAD, SONIPAT(HR)-131001
APPLICATIONS INVITED
ENGLISH: PRT | TGT | PGT
MATHEMATICS: TGT | PGT
MATHS+SCIENCE: TGT | PGT
STARTING MONTHLY SALARY
PGT Rs. 62,000 | TGT Rs. 54,500 | PRT Rs. 49,600
OTHER OPENINGS
• DRAWING TEACHER
• CHILD SAFETY OFFICER
(Proactive, disciplined; retired armed forces preferred)
SUPPORT STAFF REQUIRED
IT EXECUTIVE (CCTV, HARDWARE, NETWORKING) | COOK (खाना बनाने हेतु) | DRIVER सफाई कर्मचारी
Salary based on qualifications, experience and merit.
Apply with resume, latest photo & all testimonials within 5 days at:
info@shivashikshasadan.com



रामायण फिल्म से सामने आया जटायु का पोस्टर...

नई दिल्ली। फिल्म 'रामायण' के मेकर्स ने 'जटायु' से पर्दा उठा दिया है। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है। इस किरदार को फिल्म में एक खास एक्टर की आवाज मिलने वाली है। फिल्म 'रामायण' के किरदारों के बारे में एक-एक करके जानकारी सामने आ रही है। मेकर्स ने एक सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि महाकाव्य के सबसे पूजनीय पात्रों में से एक जटायु को दर्शकों के सामने पेश किया गया है। इस किरदार को अनुपम खेर ने अपनी आवाज दी है। फिल्म 'रामायण' के पोस्टर में जटायु का क्लोज-अप दिखाई देता है, जिसमें उनकी गहरी और प्रभावशाली नजर खास तौर पर ध्यान खींचती है।

लाइफ Style

हरलीन

स्किन के साथ बचपन से किया बहुत स्ट्रगल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अभिनेत्री हरलीन सेठी ने ब्रोकन बट ब्यूटीफुल, कोहरा, शक: ट्रस्ट नो वन जैसे प्रोजेक्ट्स में अलग-अलग किरदार निभाए हैं। लेकिन, एक्टिंग का यह सफर उनके लिए सिर्फ किरदार निभाने तक सीमित नहीं रहा। इस दौरान उन्हें खुद को स्वीकार करना भी सीखना पड़ा।

एक्ट्रेस हरलीन सेठी ने बताया कि वह अपने गोरे-चिट्टे भाई से खुद की तुलना करती थीं। रंग को लेकर यह झिझक एक्टिंग में आने के बाद भी उनका पीछा करती रही। 'ब्रोकन बट ब्यूटीफुल' के दौरान वह दर्शकों के कमेंट्स में भी अपनी स्किन को लेकर प्रतिक्रिया ढूंढती थीं। फिर एक वक्त ऐसा आया, जब उन्हें एहसास हुआ कि लोग उन्हें उनके रंग के लिए नहीं, उनके काम के लिए पसंद कर रहे हैं। हरलीन के मुताबिक, रंग को लेकर उनकी झिझक किसी एक व्यक्ति की कही बात से नहीं आई। वह खुद की दूसरों से तुलना करती रहीं और धीरे-धीरे यह बात उनके मन में बैठ गई। हरलीन ने कहा, 'मुझे लगता है कि ये ज्यादा सेल्फ-इनफ्लिक्टेड ही था। जब आप एक तरीके के दिखते हो और आपकी मम्मी एक अलग तरीके की दिखती हैं, तो आपको लगता है कि यार, ये कैसे है? मेरा भाई मेरी मां पर गया था। मेरा भाई भी बहुत सुंदर है। वो एकदम गोरा-चिट्टा था और मैं डस्की। तो मुझे लगता है कि ये चीज खुद से ही आई। वह बताती हैं कि बचपन से ही भाई करण के लुक्स की खूब तारीफ होती थी। 'सब उसको कहते थे कि तुम कितना सुंदर हो। हम कहीं भी जाते थे तो लोग पूछते थे कि यार, तू कब हीरो बन रहा है, तू कब एक्टर है।



हॉलीवुड मसाला



फिल्मों के साथ टीवी में कमाया नाम

लॉस एंजिल्स। अमेरिकी अभिनेत्री सेल्मा ब्लेयर को रविवार को न्यूयॉर्क में गिरफ्तार किया गया है। इल्जाम है कि उन्होंने लॉस एंजिल्स से न्यूयॉर्क जा रही एक फ्लाइट में विमान परिचारिकाओं को जख्मी कर दिया। सेल्मा ब्लेयर एक अमेरिकी अभिनेत्री और लेखिका हैं। उन्होंने कई बड़ी फिल्मों में अहम किरदार निभाया है। 23 जून, 1972 को साउथफील्ड, मिशिगन में जन्मी अभिनेत्री ने क्रूएल इंटेंशन्स (1999), लीगली ब्लोन्ड (2001) और हेलबॉय (2004) में मुख्य भूमिका निभाई। यही नहीं, अभिनेत्री ने टीवी में भी बड़ा नाम कमाया है।



ब्रेकिंग बैड को दुनियाभर में दिलाई थी पहचान...

लॉस एंजिल्स। शो 'ब्रेकिंग बैड' फेम अभिनेता आरजे मिट्टे का निधन हो गया है। वह 34 साल के थे। सेरेब्रल पाल्सी नाम की बीमारी से जूझ रहे थे। मिट्टे पहली बार 2008 में शो 'ब्रेकिंग बैड' में केमिस्ट्री टीचर से ड्रग किंगपिन बने वॉल्टर व्हाइट के बेटे के रोल में दिखे थे। इस रोल ने ब्रायन क्रैंस्टन को दुनिया भर में पहचान दिलाई थी। अभिनेता के प्रतिनिधि शॉन रेली रेली ने कहा, 'सेरेब्रल पाल्सी के साथ जीने के अपने अनुभव से मिट्टे ने इस रोल में असलियत लाई। दिव्यांगता के बारे में जागरूकता और उन्हें समाज में शामिल करने के लिए एक मंच तैयार किया।' 2008 से 2013 के बीच पांच सीजन तक चली 'ब्रेकिंग बैड' को अक्सर एक क्रांतिकारी टीवी शो माना जाता है। हाल ही में इसे 21वीं सदी का सबसे बेहतरीन टीवी शो बताया था।



तमन्ना ने नवरात्रि में रखी माता की चौकी

नई दिल्ली। शारदीय नवरात्रि चल रहे हैं। अभिनेत्री तमन्ना भाटिया माता रानी की भक्ति में लीन हैं। उन्होंने अपने यहां माता की चौकी रखी, जहां मृणाल ठाकुर भी पहुंचीं। अभिनेत्री तमन्ना भाटिया नवरात्रि पर अपने यहां माता की चौकी रखती हैं। इस बार भी उन्होंने यह आयोजन किया। शारदीय नवरात्रि के पावन दिनों में तमन्ना के घर माता रानी का दरबार सजा। अभिनेत्री मां भगवती की भक्ति में लीन दिखीं और भजन पर झूमकर डांस किया। तमन्ना भाटिया के यहां माता की चौकी में चर्चित एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर भी पहुंचीं। उन्होंने भी माता रानी के भजन गाए और तमन्ना भाटिया के साथ भक्ति गीतों पर डांस किया। तमन्ना भाटिया ने माता की चौकी की कुछ झलकियां अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से साझा की हैं।



कॉफी विद... के पहले एपिसोड में आएंगे

मुंबई। सेलिब्रिटी चैट शो 'कॉफी विद करण' का नया सीजन कल (बुधवार) से शुरू होगा। इस आखिरी सीजन के पहले एपिसोड में सलमान खान मेहमान बनकर आएंगे। एपिसोड का प्रोमो मेकर्स ने जारी किया है। इस प्रोमो वीडियो में सलमान, करण के ही मजे लेते नजर आ रहे हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने करण को लेकर अपना शक भी जाहिर किया। जानिए इस प्रोमो में क्या है खास? प्रोमो के शुरुआत में करण कहते हैं कि एक बार एक समझदार आदमी ने कहा था- इट्स डन ब्रो.. तो मेरे शो के आखिरी सीजन की शुरूआत इससे बेहतर कौन ही कर सकता है? इसके बाद सलमान आए और उन्होंने करण को गेस्ट के सोफे पर बैठा दिया और खुद होस्ट के सोफे पर बैठे नजर आए। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि कॉफी विद करण के बाद अब कॉफी विद सलमान होगा।

टीवी मसाला



जिस शो ने बनाया स्टार, 20 साल बाद उसी मंच पर लौटे अभिजीत

नई दिल्ली। भारतीय टेलीविजन के म्यूजिक रियलिटी शो 'इंडियन आइडल' के पहले सीजन के विजेता अभिजीत सावंत करीब दो दशक बाद एक बार फिर उसी मंच पर लौट रहे हैं, जहां से उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत हुई थी। साल 2005 में 'इंडियन आइडल' का पहला सीजन जीतकर अभिजीत ने देशभर में पहचान बनाई थी। अब वह सोनी टीवी के नए शो 'इंडियन आइडल लीजेंड्स रिटर्न' में भी नजर आएंगे। अभिजीत सावंत की वापसी से शो के सेट पर पुरानी यादें ताजा हो गईं। उनके साथ पहले सीजन में फाइनल तक पहुंचे और रनर-अप रहे अमित सना ने भी उनकी तारीफ की। अमित ने कहा कि इंडियन आइडल की पहचान बनाने में अभिजीत का बड़ा योगदान रहा है।अमित के मुताबिक, अभिजीत के बिना इंडियन आइडल की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने अभिजीत के पहले एल्बम के मशहूर गाने 'मोहब्बतें लुटाऊंगा' को भी याद किया, जो आज भी लोगों के बीच काफी फेमस है। शो के जज हिमेश रेशमिया ने भी अभिजीत की वापसी का खास अंदाज में स्वागत किया। उन्होंने म्यूजिकल एंट्री के साथ कहा कि अभिजीत की वापसी से यह शो ब्लॉकबस्टर बनेगा। हिमेश ने आगे कहा कि अभिजीत ने इंडियन आइडल के प्रति अपना कर्ज चुका दिया है और उन्होंने म्यूजिक इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाई है। शो में वापसी को लेकर अभिजीत ने कहा कि इस मंच पर दोबारा आना उनके लिए एक खास पल है। सिंगर ने याद किया कि 20 साल पहले जब वह पहली बार इस मंच पर आए थे, तब उनके मन में घबराहट और उम्मीद दोनों थीं।

सोनाली ने सुनाया माइकल से जुड़ा किस्सा

मुंबई। 'कौन होनार करोड़पति' में शो की होस्ट माधुरी दीक्षित ने अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे से दिवंगत दिग्गज स्टार माइकल जैक्सन के आगमन के दिन के बारे सवाल किया। इतना ही नहीं, उन्होंने सोनाली से उस दौरान नौवारी साड़ी पहनने के बारे में भी काफी कुछ पूछा। हाल ही में सोनी मराठी के शो 'कौन होनार करोड़पति' में अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे शामिल हुईं। इस ग्रैंड प्रीमियर एपिसोड में भाग लेते हुए उन्होंने पॉप आइकन माइकल जैक्सन के भारत की पहली यात्रा को याद किया। सोनाली बेंद्रे ने मराठी क्विज शो 'कौन होनार करोड़पति' में दिवंगत पॉप सिंगर से जुड़ी याद शेयर की। उन्होंने बताया की उस समय माइकल से मिलने से ज्यादा उन्हें नौवारी साड़ी पहनने का उत्साह था। उन्होंने कहा, 'सच कहूं तो, मैं उनकी इतनी बड़ी प्रशंसक नहीं थी। उन्होंने मुझसे कहा कि वह इस के लिए मराठी लड़कियों को लेना चाहते हैं। और उस समय, मुझे अपने दोस्तों और परिवार के लिए मुफ्त टिकट मिले थे।'



द लीजेंड ऑफ हनुमान 7 का ट्रेलर रिलीज

रौद्र रूप में लौट रहे अंजनी पुत्र

वह महान कथा फिर से लौट आई है और इस बार दांव पहले से कहीं ज्यादा बड़ा है। जियो हॉटस्टार ने 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' सीजन 7 का ट्रेलर रिलीज कर दिया है, जो इसकी सबसे पसंदीदा फ्रैंचाइजी में से एक की वापसी का संकेत है और यह अब तक का सबसे बड़ा चैप्टर है।



नई दिल्ली। 23 अक्टूबर से जियो हॉटस्टार पर 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' सीजन 7 देख सकते हैं। इसमें हनुमान समय के पार एक सफर पर निकलते हैं ताकि वे अपनी दैवीय शक्ति की असली हद को जान सकें। नया सीजन लंका की लड़ाई को सबसे मुश्किल दौर में ले जाता है, जहां रावण अपने अब तक के सबसे भयानक रूप में सामने आता है। जब वानर सेना निराशा में घिर जाती है, तो हनुमान उस एक हथियार की तलाश में निकलते हैं जो रावण का हमेशा के लिए अंत कर सके। आखिरी हथियार की तलाश के तौर पर शुरू हुआ यह सफर जल्द ही हनुमान को युद्ध के मैदान से दूर और अलग-अलग युगों में ले जाता है - भगवान राम के भूले-बिसरे अतीत और मृत्यु के राज्य तक। इस सफर में, उन्हें एक ऐसा राज पता चलता है जो सब कुछ बदल देगा। शानदार एक्शन के साथ भावना, आस्था और दोस्ती का मेल, सीजन 7 हनुमान की यात्रा में एक दमदार नया अध्याय जोड़ता है, क्योंकि रावण के अंत की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' सीजन 7 का प्रीमियर 23 अक्टूबर को जियो हॉटस्टार पर होगा। शरद केलकर रावण की आवाज के तौर पर लौट रहे हैं और एक बार फिर इस खतरनाक विलेन को अपनी खास आवाज दे रहे हैं। सीरीज में वापसी के बारे में बात करते हुए शरद केलकर ने कहा, 'मुझे 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' का हिस्सा बनकर बहुत मजा आया है, यह शो हमारी पौराणिक कथाओं की कुछ सबसे सदाबहार कहानियों को जीवंत करता है। शरद देवराजन, जीवन जे. कांग और चारुवी अग्रवाल द्वारा बनाई गई 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' सीजन 7, सीरीज की खास एनिमेशन स्टाइटल और विशाल

77 साल की उम्र में माता पार्वती बनकर हेमा ने जीता दिल

हेमा मालिनी को बॉलीवुड की ड्रीम गर्ल कहा जाता है। उनकी सुंदरता का आज भी कोई सानी नहीं है। यही वजह है कि 77 साल की उम्र में हेमा मालिनी ने मां पार्वती बनकर सभी को सरप्राइज किया। हेमा मालिनी ने 11 अक्टूबर को हैदराबाद में नवरात्रि सेलिब्रेशन के तहत अपना मशहूर डांस प्रोग्राम 'दुर्गा' पेश किया। उन्होंने 'क्लासिक कन्वेंशन सेंटर' में अग्रवाल समाज, तेलंगाना के 'आगरा डांडिया नवरात्रि' उत्सव के दौरान यह परफॉर्मेंस दी, जिसमें महाराजा अग्रसेन जयंती भी मनाई गई।

नई दिल्ली। हेमा ने इंस्टाग्राम पर परफॉर्मेंस की तस्वीरें और एक वीडियो शेयर किया, जिसमें इस भव्य प्रोडक्शन की झलक देखने को मिली। एक तस्वीर में, वह माता पार्वती के रूप में तैयार नजर आईं और उनके साथ भगवान का किरदार निभाने वाले एक एक्टर भी थे। इन तस्वीरों में उन पौराणिक किरदारों की झलक मिली जिन्हें उनके डांस परफॉर्मेंस के जरिए एक साथ लाया गया था। यह परफॉर्मेंस नवरात्रि के पहले दिन हुई थी। अपनी परफॉर्मेंस के बारे में बात करते हुए, हेमा मालिनी ने इस शुभ मौके पर अपनी वीडियो शेयर करते हुए खुशी जाहिर की। अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'कल शाम मैंने तेलंगाना के अग्रवाल समाज के 'आगरा डांडिया नवरात्रि सेलिब्रेशन' के लिए क्लासिक कन्वेंशन सेंटर में परफॉर्मेंस दी।' यह मौका 11.10.2026 को महाराजा अग्रसेन जयंती के साथ भी जुड़ा था। नवरात्रि के पहले दिन अपने सबसे मशहूर बैले 'दुर्गा' को पेश करना बहुत प्यारा और खास अनुभव था, और मैंने सच में खुद को बहुत सौभाग्यशाली महसूस किया।' अपने शानदार फिल्मी करियर के अलावा, हेमा मालिनी भरतनाट्यम से भी गहराई से जुड़ी रही हैं।



तुलसीदास से लेकर खाटू श्याम तक, 10 बड़ी फिल्मों पर दांव

हनुमान अंश के बाद सिनेमा में आएगा आस्था का सैलाब

नई दिल्ली। हनुमान अंश की सफलता ने फिल्म इंडस्ट्री में डिवोशनल फिल्म को लेकर क्रेज बढ़ा दिया है। वहीं, दर्शक भी इस तरह की फिल्मों को काफी पसंद कर रहे हैं और इसीलिए 2026 और 2027 में 10 डिवोशनल फिल्मों पर मेकर्स दांव लगाने जा रहे हैं जिन्हें लेकर 'हनुमान अंश' जैसी सफलता की उम्मीद की जा रही है।

डिवोशनल फिल्मों पर दांव लगा रहे फिल्ममेकर्स

नीम करोली बाबा के जीवन पर फिल्म के बाद अब आने वाले कुछ महीनों में डिवोशनल व्यक्तित्वों पर फिल्में आ रही हैं जिनमें गोस्वामी तुलसीदास, सांई बाबा, खाटू श्याम शामिल हैं। अपकमिंग डिवोशनल फिल्मों का ये सिलसिला रामायण: पार्ट 1 से शुरू होगा और इसके बाद लगभग 10 फिल्में और रिलीज होंगी।

'हनुमान अंश से कृष्णावतरम' ने किया करोड़ों में कारोबार

पिछले कुछ सालों में कांतारा, महावतार नरसिम्हा, कृष्णावतारम-जैसी फिल्मों की सफलता ने साबित किया है कि दर्शकों को इस तरह का कंटेंट पसंद है। इन सभी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा खासा प्रॉफिट कमाया और अब यही उम्मीद आने वाली डिवोशनल फिल्मों से की जा रही है।



गानों ने भी मचाया धमाल

डिवोशनल फिल्मों के साथ-साथ लोगों को इनके गाने भी खासे पसंद आए हैं। हनुमान अंश का पार्वती गाना आते ही सोशल मीडिया पर छा गया था वहीं यूट्यूब पर अब तक इसके 120 मिलियन व्यूज हो गए हैं। इसके अलावा कृष्णावतारम के सभी गाने शानदार थे वहीं 'कांतारा' का कर्मा सॉन्ग अब भी सोशल मीडिया रील्स में ट्रेंडिंग है।

क्यों सफल हुईं डिवोशनल फिल्में?

इस सवाल का सीधा जवाब है इस तरह के कंटेंट से दर्शकों का सीधा जुड़ाव। भारत का कल्चर ही इसकी पहचान है और एक बड़ी जनसंख्या भगवान में आस्था रखती है और इसीलिए डिवोशनल व्यक्तित्व से जुड़े इतिहास और कहानी में दर्शकों की खास रुचि है क्योंकि इसे वे अपने आप से जुड़ा हुआ पाते हैं।

हनुमान अंश ने दुनियाभर में कमाए 400 करोड़

सिर्फ 2 करोड़ रुपए बजट में बनी 'हनुमान अंश' ने वर्ड ऑफ माउथ के दम पर तीसरे हफ्ते से कमाई की रफ्तार पकड़ी थी। फिल्म को थिएटर्स में चलते हुए 2 महीने से ज्यादा हो गए हैं और इसने नेट इंडिया कलेक्शन में 300 करोड़ रुपए और ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 400 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है।

2027 में रिलीज होंगी 10 डिवोशनल फिल्में

- **रामायण: पार्ट-** नवंबर 2026
- **वाल्मिकी रामायण-** 2026 (संभावित)
- **तेरा साईं-** फरवरी 2027
- **चिरंजीवी हनुमान: द इटरनल-** फरवरी 2027 (संभावित)
- **हारे का सहारा बाबा खाटू श्याम हमारा-** 2027
- **कृष्णावतारम पार्ट 2-** 2027 में संभावित
- **महावतार परशुराम-** दिसंबर 2027
- **राम बोला-** 2027 में फ्लोर पर आएगी
- **हनुमान अंश 2-** अनाउंस नहीं हुई है।

पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल में कबड्डी खिलाड़ी भव्या का जोरदार स्वागत

हरियाणा स्टेट सब जूनियर चैंपियनशिप में जिले की लड़कियों ने पाया दूसरा स्थान

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, टीम भावना और अनुशासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है खेल : डॉ. विजयपाल नैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा स्टेट सब जूनियर कबड्डी चैंपियनशिप में सोनीपत जिले की लड़कियों की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल की होनहार कबड्डी खिलाड़ी भव्या ने अपने बेहतरीन खेल कौशल का परिचय देकर सभी को प्रभावित किया। टीम की इस उपलब्धि और भव्या के उत्कृष्ट प्रदर्शन से स्कूल में खुशी का माहौल है। स्कूल परिसर में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर सिल्वर मेडल विजेता खिलाड़ी भव्या का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया गया।

कबड्डी एसोसिएशन ऑफ हरियाणा की ओर से सोनीपत में आयोजित हरियाणा स्टेट सब जूनियर कबड्डी चैंपियनशिप में सोनीपत जिले की लड़कियों की टीम ने पूरे दमखम के साथ मुकाबले खेले और शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। टीम में शामिल पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल की खिलाड़ी भव्या ने अपने खेल के प्रति समर्पण, मेहनत और प्रतिभा से सभी का ध्यान आकर्षित किया। छठी कक्षा की छात्रा भव्या का स्कूल में फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन डॉ. विजयपाल नैन, सचिव गौतम नैन, स्कूल की प्रधानाचार्या हिमानी दहिया और उप प्राचार्य वरुण कुमार ने भव्या को इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी। डॉ.विजयपाल नैन ने भव्या की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस मौके पर कॉर्डिनेटर मीनाक्षी, शीतल, अन्नु, शिल्पा, स्वाति, वंदिता, विनम, सोनू, पीआरओ अमन सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने भी भव्या के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उसे आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।



सोनीपत। कबड्डी खिलाड़ी भव्या प्रधानाचार्या हिमानी दहिया व उप प्राचार्य वरुण कुमार के साथ। फोटो : हरिभूमि



सोनीपत। पदक विजेता सेपक टकरा खिलाड़ी विद्यालय की प्राचार्या गीता चोपड़ा व स्पोर्ट्स इंचार्ज संजीत के साथ।

सीनियर हरियाणा स्टेट सेपक टकरा चैंपियनशिप में ज्ञान गंगा के विद्यार्थियों ने जीते तीन कांस्य पदक

सोनीपत। ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) के सेपक टकरा खिलाड़ियों ने चरखी दादरी में आयोजित 23 वीं सीनियर हरियाणा स्टेट सेपक टकरा चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर जिले व स्कूल का नाम रोशन किया । इन खिलाड़ियों के जोरदार प्रदर्शन की बदौलत सोनीपत की पुरुष टीम ने रेगु, क्वाड और डबल तीनों इवेंट में कांस्य पदक जीतने में सफलता हासिल की। टीम में शामिल स्कूल के होनहार सेपक टकरा खिलाड़ी दक्ष, देव, वीर व सक्षम रांगी ने अपने बेहतरीन खेल कौशल का परिचय देकर सभी को प्रभावित किया। इन खिलाड़ियों की उपलब्धि और उत्कृष्ट प्रदर्शन से स्कूल में खुशी का माहौल है। स्कूल परिसर में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर पदक विजेता खिलाड़ियों का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने पदक विजेता खिलाड़ी दक्ष, देव, वीर व सक्षम रांगी को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अध्यापिकाएं नीरजा, गीता राणा, मोनिका, नमिता, मधु, मीनाक्षी, महक, सुविधा, निशा, राखी, योगिंद्र, स्पोर्ट्स इंचार्ज संजीत सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

साइक्लिंग, दौड़ व तैराकी में छात्रों ने दिखाया दम

ऋषिकुल विद्यापीठ, सोनीपत के खेल परिसर और तरणताल में अंतर-कक्षा ट्रायथलॉन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें 500 से अधिक विद्यार्थियों ने साइक्लिंग, दौड़ और तैराकी में भाग लेकर अपनी गति, सहनशक्ति और खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वरिष्ठ माध्यमिक वर्ग में लड़कों में रोनित प्रथम, संदीप द्वितीय और तनिष्क तृतीय रहे। लड़कियों में याना प्रथम, आशी द्वितीय और मुस्कान तृतीय रहीं। माध्यमिक वर्ग में सक्षम दहिया प्रथम, हर्ष द्वितीय तथा डैरिल और भावेश संयुक्त रूप से तृतीय रहे। लड़कियों में हर्षिता प्रथम, रितिका द्वितीय और सुनैना तृतीय रहीं। मध्य वर्ग में लड़कों में आयुष अंतिल प्रथम, एकवीर द्वितीय और दिव्य तृतीय रहे। लड़कियों में निष्ठा प्रथम, एलिस और तृष्णा संयुक्त रूप से द्वितीय तथा वान्या तृतीय रहीं। चेयरमैन एसके शर्मा ने खेलों को शारीरिक और मानसिक विकास का आधार बताया। निदेशक धीरज शर्मा ने प्रतिभागियों को चुनौतियों से सीखने के लिए प्रेरित किया। उपप्रधानाचार्या कृति चौधरी ने विद्यार्थियों के अनुशासन की सराहना की, जबकि प्रधानाचार्य उमेश शर्मा ने विजेताओं को बधाई दी।



न्यूज डायरी

टीकाराम कॉलेज की तीन छात्रा विवि टीम में चयनित



सोनीपत। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के खेल परिसर में 8 से 10 अक्टूबर तक आयोजित अंतर महाविद्यालय महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता में टीकाराम कन्या महाविद्यालय, सोनीपत की टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एमकेजेके कॉलेज, रोहतक की टीम के साथ कड़ा मुकाबला किया। इसके साथ ही महाविद्यालय की तीन छात्राओं का चयन विश्वविद्यालय की टीम के लिए हुआ। प्राचार्या प्रो. डॉ. उषा दहिया ने खिलाड़ियों का स्वागत किया और उनकी उपलब्धि पर खुशी जताई। शारीरिक शिक्षा विभाग की प्राध्यापिका डॉ. सुमन मान ने बताया कि एमडीयू में आयोजित इस प्रतियोगिता में टीम ने बेहतरीन खेल कौशल और संघर्ष का परिचय देते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टीकाराम एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान सुरेंद्र सिंह दहिया ने खिलाड़ियों को बधाई और आशीर्वाद दिया।

पिछले 12 वर्षों में खरखौदा में नहीं आया नया प्रोजेक्ट : जयवीर



खरखौदा। भाजपा खरखौदा विधानसभा क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। यही कारण है कि पिछले प्रदेश 12 वर्षों में इस क्षेत्र में कोई भी नया प्रोजेक्ट नहीं लाया गया है। अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व विधायक एवं पूर्व सीपीएस जयवीर वाल्मीकि ने यह बात कही। इस मौके पर पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, एचपीएससी के पूर्व सदस्य सुरेंद्र शर्मा, ब्लॉक ग्रामीण अध्यक्ष सुनील दहिया, शहरी अध्यक्ष प्रवीण सैनी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलिगेट जोगिंद्र दहिया, राम सिंह आदि रहे।

बीआईटीएस मोहना में हुई डाककर्मियों की समीक्षा बैठक



सोनीपत। भारत इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटीएस), मोहाना में 13 अक्टूबर को भारतीय डाक विभाग की ओर से ग्रामीण शाखा डाककर्मियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें हरियाणा परिमंडल, अंबाला की मुख्य पोस्टमास्टर जनरल मनीषा बंसल बादल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में डाक सेवाओं को बेहतर बनाने से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। संस्थान की निदेशक प्रो. (डॉ.) पूनम जागलान, प्रबंधन सदस्य डॉ. सीमा राठी, फार्मेसी एवं नर्सिंग संस्थान के प्राचार्य डॉ. विकास और रमेश कुमार ने मुख्य अतिथि मनीषा बंसल बादल को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।


विवि के पूर्व छात्र रोहन नाथ बने नायब तहसीलदार



सोनीपत। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) स्थित यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल के पूर्व छात्र रोहन नाथ उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा उतीर्ण करके नायब तहसीलदार के पद चयनित हुए हैं। उनकी इस उपलब्धि पर विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि रोहन की सफलता विवि के लिए गर्व का विषय है और यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों को भी अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर मेहनत करने की प्रेरणा देती है। इस अवसर पर कैंपस स्कूल के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार व अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस के खिलाफ किया प्रदर्शन

गोहाना। जेएनयू की 11 छात्राओं की शिकायतों से जुड़े कथित यौन उत्पीड़न मामले को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने मंगलवार को गोहाना में कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन किया। भाजपा जिला अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक और महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रीना शर्मा की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं ने आंबेडकर चौक पर नारेबाजी करते हुए कांग्रेस नेतृत्व के प्रति रोष जताया। प्रदर्शनकारियों ने संबंधित सांसद प्रो. अंगोमचा बिमोल अकोइजाम के इस्तीफे और उन्हें पार्टी से निष्कासित करने की मांग की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला भी फूंका। प्रदर्शनकारियों ने राहुल गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और प्रियंका गांधी वाड्रा से मामले में अपनी स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा की बात करने वाले कांग्रेस नेताओं को इस मामले में भी स्पष्ट रुख अपनाना चाहिए। भाजपा जिला अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा से जुड़े मामलों में राजनीतिक नेतृत्व की जवाबदेही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व को संबंधित सांसद के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके इस्तीफे और पार्टी से निष्कासन पर स्पष्ट निर्णय लेना चाहिए। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रीना शर्मा ने कहा कि महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा की बात केवल भाषणों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि व्यवहार में भी दिखाई देनी चाहिए। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से मामले पर चुप्पी तोड़ने और अपना पक्ष स्पष्ट करने की मांग की। प्रदर्शन में प्रसन्नी देवी, नरेश देवी, नीलम रिंढाणा, कृष्णा सरपंच, बाला सैनी, सोनिया गोयल, सुमन रानी, सरला, सुनीता, शशि खन्ना व सविता मौजूद रहीं।



विश्व अंतरिक्ष सप्ताह में छात्राओं ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

गोहना। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) के इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग के भौतिकी विभाग द्वारा विश्व अंतरिक्ष सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस वर्ष विश्व अंतरिक्ष सप्ताह की थीम 'अंतरिक्ष और सतत विकास' रखी गई है। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को अंतरिक्ष विज्ञान की संभावनाओं, वैज्ञानिक नवाचारों तथा सतत विकास में अंतरिक्ष की भूमिका के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन आईएचएल की प्राचार्या प्रो. कल्पना दहिया ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के साथ-साथ उनकी रचनात्मकता और नवाचार की भावना को भी प्रोत्साहित करते हैं। भौतिकी विभागाध्यक्ष प्रो. सुमन ने अपने संबोधन में अंतरिक्ष अन्वेषण, वैज्ञानिक प्रगति और सतत विकास के बीच संबंधों पर प्रकाश डाला। उन्होंने अंतरिक्ष विज्ञान के बढ़ते महत्व और मानव जीवन को बेहतर बनाने में इसकी भूमिका के बारे में जानकारी दी। प्रो. संतोष हुड्डा भी अपने विचार व्यक्त किए। छात्राओं ने अंतरिक्ष विषय पर आधारित 10 सेल्फी स्टेशन प्रस्तुत किए जो कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण रहे। छात्रा ज्योति, दिव्या, महक, परी सहित अन्य छात्राओं ने 'अंतरिक्ष और सतत विकास' विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए भाषण की प्रस्तुति दी।



एफएलएन में शिक्षकों को दिया शिक्षण कौशल

गोहाना। खंड मुण्डलाना के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खंदराई में चल रहे 6 दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण कार्यक्रम का मंगलवार को समापन हो गया। प्रशिक्षण में खंड मुंडलाना के विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों ने प्रतिभागिता कर शिक्षण कौशल का ज्ञान प्राप्त किया। प्रशिक्षण में बैच-1 व बैच-2 में कुल 75 प्रशिक्षुओ ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। मास्टर ट्रेनर्स ने विभाग के नियमों का पालन करते हुए प्रभावी शिक्षण रणनीतियों, अधिगम आकलन, बाल वाटिका एवं गणितीय बिंदुओं पर मार्गदर्शन किया। खंड शिक्षा अधिकारी राजकुमार पंघाल द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरित किए। दोनों बैचों में बेस्ट टीचर अवार्ड के तहत नीतू जीपीएस खंदराई एवं संदीप जीपीएस चिड़ाना को समयनिष्ठा अवार्ड, सुरेंद्र जीएमएसपीएस शामड़ी एवं प्रियंका जीजीपीएस गंगाना को चैम्पियन अवार्ड, मंगल सिंह जीपीएस खानपुर खुर्द एवं उर्मिला जीजीपीएस बरोदा ठुठान को क्रियाशील प्रतिभागिता अवार्ड, कुशलता जीजीपीएस शामड़ी एवं मनोज कुमार जीपीएस बुसाना को लर्निंग चैंपियन अवार्ड से नवाजा गया।

साउथ प्वाइंट वर्ल्ड स्कूल में सीबीपी में शिक्षकों ने सीखे आधुनिक शिक्षण के गुर, सीखने की प्रक्रिया बनेगी सुगम

सोनीपत। साउथ प्वाइंट वर्ल्ड स्कूल में 'राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा-बुनियादी स्तर' (एनसीएफ-एफएस) विषय पर आधारित क्षमता निर्माण कार्यक्रम (सीबीपी) का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कक्षा शिक्षण को अधिक प्रभावी, रोचक, व्यावहारिक और गतिविधि-आधारित बनाने के लिए शिक्षकों को नवीन शिक्षण पद्धतियों से अवगत कराना था। कार्यशाला में बतौर संसाधन व्यक्ति (रिसोर्स पर्सन) श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल के गतिविधि समन्वयक, प्रदर्शन कला प्रशिक्षक एवं सामाजिक-भावनात्मक परामर्शदाता सुखविंदर सिंह तथा गोल्डन हैरियर स्कूल के शैक्षणिक समन्वयक एवं आईएसटीएम से प्रमाणित सीबीएसई संसाधन व्यक्ति दीपेंद्र दुल उपस्थित रहे। इस जानकारीपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक कार्यशाला में साउथ प्वाइंट वर्ल्ड स्कूल, द जी-21 स्कूल, द कैम्ब्रिज स्कूल, अपोलो इंटरनेशनल स्कूल (बड़ी) और श्री राम कृष्ण सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गन्नौर के शिक्षकों ने भाग लिया। चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने इस कार्यशाला को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा बच्चों के सर्वांगीण विकास की मजबूत नींव रखती है। इस तरह के क्षमता निर्माण कार्यक्रम शिक्षकों को आधुनिक युग की शिक्षण आवश्यकताओं के अनुरूप ढालने में बेहद सहायक सिद्ध होते हैं। एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री ने कहा कि आज के दौर में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए अध्यापकों का लगातार नया सीखना आवश्यक है।



जिला स्तरीय युवा संसद में पक्ष-विपक्ष में हुई विशेषाधिकार हनन पर तीखी बहस

गोहाना। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छिछड़ाना में जिला स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम हुआ। विद्यार्थियों ने संसद की कार्यवाही का मंचन करते हुए बेटियों की सुरक्षा, फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), नीट परीक्षा, एसआईआर, बेरोजगारी और नशे की लत जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। प्रश्नकाल, शून्यकाल, विधेयक, ध्यानाकर्षण और विशेषाधिकार हनन के माध्यम से जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा की। ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से दिल्ली में पीजी में हुए हादसे का मुद्दा उठाया गया। विशेषाधिकार हनन के तहत सांसद के अपमान का विषय रखा गया। कार्यक्रम में नाना पाटेकर के निधन पर शोक प्रस्ताव भी रखा गया। बीईओ लवल किशोर मुख्य अतिथि और क्लस्टर हेड डा. पंकज कौशिक विशिष्ट अतिथि रहे। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से सोमराज और धर्मवीर ने निरीक्षण किया। अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य बजरंग लाल शर्मा ने की। प्रवक्ता सतनारायण वशिष्ठ ने बताया कि छिछड़ाना के विद्यालय ने खंड कथूरा के विद्यालयों में प्रथम स्थान हासिल किया था। युवा संसद में कल्पना ने लोकसभा अध्यक्ष, नमिषा ने प्रधानमंत्री, कनिका ने शिक्षा मंत्री, सोनाली ने कृषि मंत्री की भूमिका निभाई।

इनर व्हील क्लब ने छात्राओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर

सोनीपत। इनर व्हील क्लब सोनीपत की ओर से 13 अक्टूबर को शिव शक्ति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्राओं के लिए आत्मरक्षा कार्यशाला आयोजित की गई। इसका उद्देश्य छात्राओं को अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के साथ उनमें आत्मविश्वास, साहस और आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करना था। कार्यक्रम में ऑल इंडिया इनर व्हील एसोसिएशन की पूर्व अध्यक्ष एवं खेल और युवा कल्याण जिला समिति की चेयरपर्सन प्रीति गुनगुनानी मुख्य अतिथि रहीं। उन्होंने छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि प्रत्येक लड़की को अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक और आत्मविश्वासी होना चाहिए। आत्मरक्षा के गुर संकट के समय स्वयं की रक्षा करने के साथ निर्णय लेने की क्षमता भी बढ़ाते हैं। क्लब अध्यक्ष डॉ. कमलेश मलिक ने कहा कि छात्राओं को शिक्षा के साथ सुरक्षा के प्रति भी जागरूक बनना चाहिए। उन्होंने कविता की पंक्तियों के माध्यम से बेटियों को आत्मनिर्भर बनने और हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यशाला में भाग लेने वाली छात्राओं को प्रीति गुनगुनानी ने पदक, प्रमाण पत्र और रस्सी देकर सम्मानित किया। डॉ. कमलेश मलिक ने स्कूल प्राचार्या भावना आंतिल और छात्राओं की प्रशिक्षिका का आभार जताया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष अनीता मदान, उपाध्यक्ष सुषमा दहिया, कोषाध्यक्ष नीलम सहगल, आईएसओ सुखदा नागपाल, गीता कोहली, शांति सोलंकी, सुशीला कुमार, मोहनी सचदेवा, अंजू दहिया और अनीता विज सहित क्लब सदस्य उपस्थित रहीं।



इनेलो नेताओं ने मंडी में जाकर जानी किसानों की समस्याएं



खरखौदा। इनेलो जिला अध्यक्ष कुणाल गहलावत ने कार्यकर्ताओं के साथ खरखौदा अनाज मंडी का दौरा कर किसानों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला के निर्देश पर पार्टी पदाधिकारी मंडियों में पहुंचकर किसानों की परेशानी जान रहे हैं। वर्षा से फसल खराब हो रही है और बाजरे की खरीद में अनियमितताएं सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि बारदाना समय पर नहीं मिलने से किसान परेशान हैं। किसान 10 से 15 दिनों से मंडियों में फसल लेकर बैठे हैं। कभी नमी तो कभी पोर्टल की समस्या बताकर खरीद में देरी की जा रही है। गहलावत ने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं को किसानों की समस्याओं की चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के शासनकाल में किसानों को सुविधाएं और आर्थिक सहायता दी गई थी, लेकिन आज अन्नदाता मंडियों में परेशान है।

बदलाव | ट्रेनों के समय में15 मिनट का किया गया हेरफेर

दिल्ली से जम्मूतवी व कटरा जाने वाली 4 एक्सप्रेस ट्रेनों की समय सारणी में बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

उत्तर रेल मंडल ने यात्रियों की सुविधा के लिए दिल्ली से हरियाणा, पंजाब के रास्ते जम्मूतवी व श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा जाने वाली कई एक्सप्रेस ट्रेनों की समय सारणी में बदलाव की है। रेलवे ने संबलपुर-जम्मूतवी एक्सप्रेस, झेलम एक्सप्रेस, मालवा एक्सप्रेस व मूरी एक्सप्रेस की संशोधित समय सारणी को जारी किया है। हालांकि अलग-अलग रेलवे स्टेशनों पर ट्रेनों के आगमन व प्रस्थान के नए समय 18 और 19 अक्तूबर से लागू किए जाएंगे। ऐसे में सोनीपत सहित आसपास के जिलों से इन एक्सप्रेस ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों को यात्रा से पहले नई समय सारणी को जांचने का परामर्श दिया गया है।

रेलवे के अनुसार संबलपुर से जम्मूतवी जाने वाली ट्रेन संख्या 18309 संबलपुर-जम्मूतवी एक्सप्रेस की समय सारणी में बदलाव किया गया है। 17 अक्तूबर से यह ट्रेन हीरा नगर स्टेशन पर दोपहर 1:28 बजे और विजयपुर जम्मू दोपहर 1:46 बजे पहुंचेगी। ट्रेन का पहले हीरा नगर स्टेशन पर आगमन 2:05 व विजयपुर जम्मू स्टेशन पर दोपहर 2:20 बजे निर्धारित था। वहीं टाटा नगर से जम्मूतवी जाने वाली 18101 मूरी एक्सप्रेस 18 अक्तूबर से हीरा नगर स्टेशन पर दोपहर 1:28 बजे और विजयपुर जम्मू दोपहर 1:46 बजे पहुंचेगी। पहले इस ट्रेन का हीरा नगर स्टेशन पर आगमन 2:05 और विजयपुर जम्मू स्टेशन पर दोपहर 2:20 बजे निर्धारित था।



सोनीपत। रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में सवार होते यात्री।

नई समयसारणी जारी

दिल्ली से सोनीपत के रास्ते जम्मूतवी जाने वाली 4 एक्सप्रेस ट्रेनों की समय सारणी में थोड़ा बदलाव किया गया है। यात्रियों की सुविधा के लिए नई समय सारणी को जारी किया गया है। हालांकि नई समय सारणी 17 व 18 अक्तूबर से लागू होगी।

-हिमांशु शेखर उपाध्याय, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, उत्तर रेलवेनोट

प्रशिक्षण में सीखी गई विधियों का उपयोग करें शिक्षक : प्रदीप



खरखौदा। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय खरखौदा में प्राथमिक शिक्षकों के लिए चल रहे छह दिवसीय आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान प्रशिक्षण कार्यक्रम के दोनों समूहों का मंगलवार को समापन हो गया। इस अवसर पर सभी शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के दौरान सीखे गए ज्ञान, कौशल और शिक्षण विधियों को विद्यालयों की कक्षाओं में प्रभावी ढंग से लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण की वास्तविक सफलता तभी मानी जाएगी, जब इसका सकारात्मक प्रभाव बच्चों की पढ़ाई और सीखने के स्तर में दिखाई देगा। उन्होंने शिक्षकों को प्रशिक्षण में सीखी गई विधियों का नियमित रूप से उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। खंड संसाधन समन्वयक मनोज दहिया ने कहा कि शिक्षक बच्चों की सीखने संबंधी कठिनाइयों को पहचानें और उनकी जरूरत के अनुसार अतिरिक्त शिक्षण गतिविधियां करवाएं। प्रत्येक बच्चे को उसके सीखने के स्तर के अनुरूप सहयोग दिया जाना चाहिए, ताकि वह पढ़ने, लिखने और गणित की बुनियादी समझ विकसित कर सके। प्रशिक्षण के पहले समूह को कविता पंघाल और डा. निशा रानी ने प्रशिक्षण दिया, जबकि दूसरे समूह को सविता और सीमा देवी ने प्रशिक्षित किया।

सेवा संकल्प के तहत छिनौली में बुजुर्गों का किया सम्मान



खरखौदा। मंडल खरखौदा के सेवा संकल्प अभियान के तहत मटिंडू व छिनौली में बुजुर्गों का सम्मान किया गया। अभियान के तहत गांव के सबसे बुजुर्ग महिला एवं पुरुष को शॉल, अंगवस्त्र एवं पगड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया। यह सेवा संकल्प अभियान खरखौदा मंडल के सभी 20 गांवों में चलाया जाएगा। अभियान के तहत 17 अक्टूबर तक मंडल के सभी गांवों के बुजुर्गों को सम्मानित किया जाएगा। विधायक पवन खरखौदा के पिता आजाद सिंह मौरिया बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों से हमें अच्छे संस्कार और जीवन के महत्व का पता चलता है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नरेश पराशर, यशवीर सिंह दहिया मंडल सचिव, स्नेह दहिया महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष, प्रेम सिंह, सतवीर सिंह, कर्मवीर पांचाल, रविंद्र कुमार, बलवान सिंह, विरेंद्र कुमार, वेदपाल दहिया व पवन कुमार उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



गोहाना। डॉ. सुधा यादव को पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए प्रदीप सांगवान। फोटो : हरिभूमि

प्रदीप सांगवान ने डॉ. सुधा यादव को दी बधाई

गोहाना। मंगलवार को बरोदा हलका के पूर्व भाजपा प्रत्याशी प्रदीप सांगवान ने पूर्व लोकसभा सभा सांसद एवं भाजपा केंद्रीय संसदीय बोर्ड की सदस्य डॉ. सुधा यादव को बधाई दी। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा डॉ. सुधा यादव को कर्नाटक राज्य की राज्यपाल नियुक्त किया गया है। प्रदीप सांगवान ने डॉ. सुधा यादव से गुरुग्राम स्थित उनके निवास पर मुलाकात की। प्रदीप ने कहा कि डॉ. सुधा यादव के राज्यपाल के पद पर नियुक्त होना गर्व का विषय है। इनके लम्बे राजनैतिक अनुभव और उच्च शैक्षणिक योग्यता से कर्नाटक राज्य के विकास को नई गति मिलेगी।



गोहाना। शुभम सहरावत व खेल प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी अपने शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

शुभम सहरावत ने एनडीए की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की

गोहाना। नालंदा इंटरनेशनल स्कूल, गोहाना के मेधावी विद्यार्थी गांव जागसी निवासी शुभम सहरावत पुत्र अनिल कुमार सहरावत ने एनडीए की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण कर भारतीय सेना में कमिशन अधिकारी बनने की दिशा में अपना कदम बढाया है।
मंगलवार को स्कूल में प्राचार्य सुभाष चंद्र व अन्य शिक्षकों ने शुभम सहरावत को सम्मानित किया। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित एनडीए की लिखित परीक्षा में देश के लाखों अभ्यर्थियों ने भाग लिया। इनमें से 7 हजार विद्यार्थियों ने इस दिशा में अगले चरा के लिए सफलता प्राप्त की। शुभम सहरावत ने इन सफल अभ्यर्थियों में स्थान बनाकर अपनी प्रतिभा, कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया है। उनकी उपलब्धि से उनके परिवार, गांव व स्कूल में खुशी का माहौल है।

रामलीला में गूंजे जयकारे, प्रभु श्रीराम ने तोड़ा शिवधनुष, सीता संग रचाया विवाह

भगवान महर्षि परशुराम और लक्ष्मण के बीच हुई नोकझोंक





- श्री रामलीला सभा और श्री ठाकुरद्वारा पंचायती मंदिर सेवा समिति की ओर से कामी रोड स्थित रामलीला मैदान में मंचन का रहा तीसरा दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सोनीपत। कामी रोड स्थित रामलीला मैदान में राम-लक्ष्मण की आरती कर मंचन का शुभारंभ करते श्रद्धालु तथा सोनीपत कामी रोड स्थित रामलीला मैदान में मंचन करते वृंदावन के कलाकार। फोटो : हरिभूमि

श्री रामलीला सभा और श्री ठाकुरद्वारा पंचायती मंदिर सेवा समिति की ओर से कामी रोड स्थित रामलीला मैदान में आयोजित रामलीला मंचन के तीसरे दिन सीता स्वयंवर, धनुष यज्ञ, रावण बाणासुर संवाद, लक्ष्मण परशुराम संवाद व जयमाला के प्रसंगों का मंचन किया गया। वृंदावन से आए कलाकारों ने अपने अभिनय से रामायण के प्रसंगों को जीवंत कर दिया। राम-लक्ष्मण सहित चारों भाइयों की शिक्षा-दीक्षा से लेकर जनकपुर प्रवेश तक की कथा भी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मानव अधिकार संरक्षण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयवीर गहलावत, संजय शर्मा, अमित गर्ग, अमित गोयल ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिद्धपीठ श्रीबालाजी मंदिर, महावीर कॉलोनी के प्रधान सुरेश भारद्वाज और मंच संचालन गजेंद्र सलूजा ने किया। वृंदावन से आचार्य सौरभ द्विवेदी, टीवी फेम स्वामी शिवदयाल शर्मा और स्वामी गिरिराज प्रसाद शर्मा के मार्गदर्शन में कलाकारों ने सीता स्वयंवर और लक्ष्मण-परशुराम संवाद सहित विभिन्न प्रसंगों का बेहतरीन मंचन किया। प्रभु श्रीराम-सीता की जयमाला के दौरान श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाए। मंचन में दिखाया गया कि महर्षि विश्वामित्र महाराज जनक के बुलावे पर श्रीराम व लक्ष्मण को साथ लेकर मिथिलापुरी पहुंचते हैं, जहां यहां राजा जनक ने स्वयंवर की पूरी व्यवस्था की थी। स्वयंवर के लिए राजा जनक की शर्त थी कि जो भी वीर शिव के धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाएगा, वहीं राजकुमारी सीता से विवाह करेगा। सभा में उपस्थित सभी राजा व महाराजा धनुष को उठाने की भरपूर कोशिश करते हैं, पर कोई भी धनुष को हिला नहीं पाता। तभी रावण का आगमन होता है। जैसे ही रावण धनुष की तरफ बढ़ता है, तभी बाणासुर पहुंचता है। रावण व बाणासुर के बीच संवाद व उनके लौटने पर राजा जनक सभी क्षत्रिय राजाओं को उनकी वीरता के लिए धिक्कारते हैं। तब विश्वामित्र के कहने पर श्रीराम धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाते हैं। प्रत्यंचा चढ़ाने के कारण धनुष टूट जाता है। धनुष के टूटने की गर्जना सुनकर महर्षि परशुराम क्रोधित होकर सभा में पधारते हैं, जिससे सभी राजा डर जाते हैं। तभी महर्षि परशुराम व लक्ष्मण के बीच काफी नोकझोंक होती है। इसके बाद श्रीराम परशुराम से क्षमा याचना करते हैं। मंचन के दौरान दर्शकों ने तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में रामलीला से जुड़े प्रश्न भी दर्शकों से पूछे गए। इस मौके पर महेंद्र मंगला, राजकुमार गोयल, अमित शौनक, प्रवीन गोयल, अमित कुच्छल, महेंद्र वर्मा, राहुल अग्रवाल और अनिल जैन सहित संस्थाओं के अन्य सदस्य मौजूद रहे।



ग्लोबल स्कूल की छात्राओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर

गोहाना। गोहाना-खानपुर कलां मार्ग स्थित ग्लोबल पब्लिक स्कूल में छात्राओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा छठी से कक्षा 8वीं छात्राओं को गुजरात से प्रशिक्षक मुकेश राठौर ने आत्मरिक्षा के गुर सिखाए। मार्गदर्शन स्कूल के एमडी पंकज जाले का रहा। अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. प्रीति शर्मा ने की। कार्यक्रम में छात्राओं को विपरीत परिस्थितियों में सूझबूझ से काम लेकर कुछ आसान तरीके अपनाकर स्वयं को सुरक्षित रखना, हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग और कानूनी अधिकारों संबंधी जानकारी दी गई।

मां दुर्गा की शिक्षाओं को अपनाने का लिया संकल्प



गोहाना। गांव बिचपड़ी में गोहाना-सफीदों मार्ग स्थित सरस्वती वमावि में नवरात्रि के पावन अवसर पर विद्यालय में एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गुरु और शिष्यों ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की और उनकी शिक्षाओं को जीवन में समाहित कर उत्कृष्ट समाज के निर्माण में सहभागिता का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पहली कक्षा नन्हे-मुन्ने बच्चों जानवी, शुभम, रिया और सारा, कक्षा दूसरी से वंश, अनिकेत, तुषार और यतिन ने हाथों में पुस्तकें और त्रिशूल लेकर यह संदेश दिया कि शक्ति केवल शस्त्रों में नहीं, ज्ञान में भी होती है। बच्चों की इस अद्भुत प्रस्तुति ने शिक्षा के महत्व और नारी शक्ति के दोनों रूपों को बखूबी दर्शाया।



छात्राओं ने लिया भाग, प्रस्तुति में अनुराधा प्रथम

सोनीपत। जीवीएम गर्ल्स कॉलेज के भूगोल विभाग की ओर से 13 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें आठ प्राध्यापकों और 114 छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को आपदा प्रबंधन, सुरक्षा उपायों और आपातकालीन तैयारियों के प्रति जागरूक करना था। कॉलेज अध्यक्ष डॉ. ओपी परुथी, प्राचार्या डॉ. मंजुला स्पाह और उपप्राचार्य डॉ. सुमन नासा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। प्राध्यापिकाएं डॉ. पिंकी दहिया, कविता, शिवानी, डॉ. मनीषा, डॉ. नीलम, नैन्सी और सुरभि भी उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता में अनुराधा प्रथम, साक्षी द्वितीय और त्रिवंकल तृतीय रहीं। खुशी को सांत्वना पुरस्कार मिला।



गन्नौर। चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन के बाद स्कूल के विजेता खिलाड़ी खुशी व्यक्त करते हुए। फोटो : हरिभूमि

ताइक्वांडो चैंपियनशिप में चाइल्ड केयर विद्यालय ने जीता द्वितीय टीम पुरस्कार

गन्नौर। चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों नेआर्किड इंटरनेशनल स्कूल, द्वारका में आयोजित दिल्ली ओपन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय टीम पुरस्कार हासिल किया। प्रतियोगिता में स्कूल के 13 विद्यार्थियों ने विभिन्न श्रेणियों में पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। स्वर्ण पदक जीतने वालों में तक्ष, रुद्र, मयंक, आदित्य और युग शामिल रहे। वहीं रजत पदक हासिल करने वालों में लविश, परीक्षित, वैभव, अभी धनखड़, युवी और अखिल ने सफलता प्राप्त की। इसके अलावा चरणजीत और जियांश ने कांस्य पदक जीतकर अपनी उपलब्धि दर्ज कराई। विद्यालय के पांच विद्यार्थियों ने स्वर्ण, छह ने रजत और दो विद्यार्थियों ने कांस्य पदक हासिल किए।

विधायक कादियान बोले- अभिषेक की सफलता युवाओं के लिए प्रेरणा

- एचसीएस में पहली रैंक हासिल करने वाले अभिषेक को विधायक कादियान ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर



गन्नौर। अभिषेक सरोहा को विधायक देवेंद्र कादियान सम्मानित करते हुए।

लगातार प्रयास, असफलताओं से सीख और लक्ष्य के प्रति अटूट विश्वास। इसी रास्ते पर चलते हुए गोहाना के सेक्टर-7 निवासी अभिषेक सरोहा ने हरियाणा सिविल सर्विस (एचसीएस) परीक्षा में पहली रैंक हासिल की। मंगलवार को उनके पैतृक गांव बली कुतुबपुर में आयोजित समारोह में ग्रामीणों ने उनका स्वागत कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक देवेंद्र कादियान ने अभिषेक को सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि अभिषेक सरोहा की सफलता साबित करती है कि लक्ष्य के प्रति समर्पण और लगातार मेहनत से बड़ी से बड़ी मंजिल हासिल की जा सकती है। अभिषेक की उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। उनकी सफलता से दूसरे युवाओं को भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। अभिषेक ने कहा कि एचसीएस में पहली रैंक हासिल करना उनके लिए बेहद खुशी का पल है।



दक्ष की उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणा : समीक्षा

सोनीपत। हसल 5 के विजेता दक्ष धड़कन पांडेरकर की शानदार सफलता पर वर्धमान गार्डेनिया सोसायटी में सम्मान समारोह आयोजित किया। समाजसेविका समीक्षा पंवार और ललित पंवार ने समारोह में पहुंचकर दक्ष का स्वागत किया और उन्हें सम्मानित कर जीत की बधाई दी। इस दौरान उन्होंने दक्ष की माता सरिता और पिता सुधीर को भी बेटे की उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं। दक्ष धड़कन पांडेरकर ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल से पढ़ाई पूरी कर चुके हैं।

शिक्षकों को प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मानित



सोनीपत। राजकीय वमावि, शाहपुर तुर्क में आयोजित छह दिवसीय बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान प्रशिक्षण कार्यक्रम का 13 अक्टूबर को समापन हुआ। समारोह में जिला परियोजना संयोजक कृष्णा खत्री और खंड शिक्षा अधिकारी अनिल वर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले शिक्षकों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथियों ने शिक्षकों के उत्साह, सहभागिता और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई गतिविधियों, शिक्षण विधियों और नवाचारों को अपने-अपने विद्यालयों में प्रभावी ढंग से लागू करें। इससे बच्चों की बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान संबंधी दक्षताओं को मजबूत करने में मदद मिलेगी। कृष्णा खत्री और अनिल वर्मा ने कहा कि प्रशिक्षण की सफलता तभी सुनिश्चित होगी, जब इसका लाभ सीधे विद्यार्थियों तक पहुंचेगा और उनके सीखने के स्तर में सकारात्मक सुधार आएगा।

पोस्टर, भाषण और निबंध लेखन के जरिए दिया मतदान का संदेश



सोनीपत। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ी ब्राह्मणान में 17वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। खंड शिक्षा अधिकारी अनिल वर्मा के मार्गदर्शन में हुए कार्यक्रम में सरकारी और निजी विद्यालयों के नौवीं से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। पोस्टर निर्माण, भाषण और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को मतदान के महत्व, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा मतदाताओं के अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया। बीआरपी शशि प्रभा और कमलेश की देखरेख में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रचनात्मक प्रस्तुतियों से मतदान का संदेश दिया। विद्यालय प्राचार्य अतुल खट्टर ने विजेता विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



गन्नौर। मुख्य अतिथि विधायक देवेंद्र कादियान का अरिंजय जैन व स्कूल कार्यकारी डायरेक्टर डॉ. मनोज सम्मान करते हुए। फोटो : हरिभूमि

डांडिया नाइट में महिलाओं-युवतियों ने गानों की धुन पर जमकर किया नृत्य, बच्चों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां

गन्नौर। सीसीएएस जैन विद्या मंदिर स्कूल, शास्त्री नगर में आयोजित डांडिया नाइट में नवरात्र उत्सव का रंग देखने को मिला। महिलाओं और युवतियों ने पारंपरिक अंदाज में सजकर संगीत की धुनों पर जमकर डांडिया खेला। माता भगवती के भजनों पर भक्तिरस बिखरा तो फिल्मी गानों पर प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ कदम थिरकाए। कार्यक्रम में बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं। अध्यक्षता स्कूल कार्यकारी डायरेक्टर डॉ. मनोज कुमार ने की। मुख्य अतिथि विधायक देवेंद्र कादियान ने माता रानी की ज्योत प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों ने योगा परफॉर्मेंस के जरिए स्वस्थ जीवन के लिए योग अपनाने का संदेश दिया। विधायक कादियान ने भी डांडिया खेला और कहा कि नवरात्र जैसे पर्व हमारी संस्कृति, परंपराओं और धार्मिक आस्था से जुड़े है। ऐसे आयोजन समाज में आपसी मेलजोल और भाईचारे को बढ़ावा देते है।



गन्नौर। विद्यालय के निदेशक राकेश यादव, उपप्रधानाचार्या मंजू सहरावत प्रदर्शन को देखते हुए। फोटो : हरिभूमि

बाबू राम स्कूल में एटीएल प्रोजेक्ट प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाई नवाचार की प्रतिभा

गन्नौर। बाबू राम ग्लोबल स्कूल, गन्नौर में अटल टिंकरिंग लैब (एटीएल) के अंतर्गत प्रोजेक्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं तकनीक से वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और तकनीकी कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने 15 से 20 नवाचारपूर्ण प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए, जिनमें दैनिक जीवन की समस्याओं के समाधान पर विशेष ध्यान दिया गया। प्रदर्शनी में रिवर क्लीनर प्रोजेक्ट विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इसके माध्यम से विद्यार्थियों ने नदियों को स्वच्छ रखने और जल प्रदूषण की समस्या दूर करने का संदेश दिया। इसके अलावा रेन ड्रॉप सेंसर, अल्ट्रासोनिक सेंसर और फ्लेम सेंसर जैसी आधुनिक तकनीकों पर आधारित कार्यशील मॉडल भी प्रदर्शित किए गए।

भटगांव दोहरे हत्याकांड में रविंद्र उर्फ भोलू को उम्रकैद, पवन बरी

सोनीपत। गांव भटगांव में महिला और उसके पांच माह के बेटे की हत्या तथा एक अन्य महिला पर जानलेवा हमला करने के करीब सात साल पुराने मामले में अदालत ने फैसला सुनाया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. जसबीर सिंह की अदालत ने रविंद्र उर्फ भोलू को हत्या, हत्या की कोशिश और शस्त्र अधिनियम के तहत दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर कुल 1.60 लाख रुपये जुर्माना भी लगाया है। वहीं, मामले में आरोपित दिल्ली के कटेवड़ा निवासी पवन उर्फ पंडित को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया गया। मामला 25 सितंबर 2019 का है। बहादुरगढ़ के सेक्टर-9ए निवासी रेनू अपने पांच माह के बेटे जतिन और सहेली मीनू के साथ कैब में करनाल जा रही थी। कैब को नीरज चला रहा था, जो मूलरूप से दिल्ली के लाडपुर का निवासी था और घटना के समय बहादुरगढ़ के सेक्टर-9ए में रह रहा था। रेनू को करनाल जेल में बंद अपने परिचित सुंदरपाल से मिलने जाना था। उनके साथ दिल्ली के गांव कटेवड़ा निवासी पवन उर्फ पंडित भी था। आरोप था कि पवन के कहने पर वे भटगांव में अपने परिचित रविंद्र के पास गए थे। वहां पहुंचने पर रविंद्र उर्फ भोलू ने अपने साथी के साथ मिलकर उन पर गोलियां चला दीं।

- महिला और पांच माह के बच्चे की हत्या तथा दूसरी महिला पर जानलेवा हमले के मामले में अदालत का फैसला, दोषी पर 1.60 लाख रुपये जुर्माना

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2000/- रु. 2500/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

नवरात्र के तीसरे दिन पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

उत्सव : माता रानी के दरबार में मत्था टेककर खुशहाली की कामना

- प्राचीन मंदिरों में दिनभर खुले रहे कपाट, श्रद्धालुओं ने सुबह-शाम आराधना कर लिया माता रानी का आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत





सोनीपत। कामी रोड स्थित सिद्धपीठ श्री चंडी मां महाकाली प्राचीन मंदिर में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु तथा नंदवानी नगर स्थित शिव शक्ति धाम में पूजन करते महामंडलेश्वर अंजनी देवा गिरी महाराज, आचार्य रामकृष्ण पाठक। फोटो : हरिभूमि

शारदीय नवरात्र उत्सव के तीसरे दिन मंगलवार को श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के तीसरे चंद्रघंटा स्वरूप की पूजा-अर्चना कर सौम्यता एवं विनम्रता का आशीर्वाद मांगा। श्रद्धालुओं ने सुबह-शाम मंदिरों में पहुंचकर विधिविधान से पूजा-अर्चना की। माता रानी के दरबार में मत्था टेककर घर-परिवार, समाज में सुख-शांति एवं समृद्धि, खुशहाली की कामना की। मंदिरों में माता रानी की आराधना के लिए श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। शहर के बड़ा बाजार स्थित सिद्धपीठ चिटाने वाली माता मंदिर, कामी रोड स्थित सिद्धपीठ श्री चंडी मां महाकाली प्राचीन मंदिर, सेक्टर-14 स्थित श्री चिंतपूर्णी मंदिर, सिद्धपीठ बाबा धाम मंदिर, मॉडल टाउन स्थित नवदुर्गा माता मंदिर, कच्चे क्वार्टर स्थित दुर्गा मंदिर, मॉडल टाउन में नव दुर्गा मंदिर, कैलाश कॉलोनी स्थित शिव धाम मंदिर सहित अन्य प्राचीन मंदिरों में प्रातःकाल से ही माता रानी के दर्शन के लिए कपाट खुले रहे। कई मंदिरों व घरों में दुर्गा सप्तशती, दुर्गा चालीसा का पाठ भी किया गया। महिला संकीर्तन मंडली ने माता रानी का कीर्तन कर गुणगान किया। चिटाने वाली माता के मंदिर के पुजारी पंडित

मां कूष्मांडा की आराधना आज

नंदवानी नगर स्थित शिव शक्ति धाम में महामंडलेश्वर अंजनी देवा गिरी महाराज ने मां चंद्रघंटा का पूजन कर सभी की सुख-शांति की कामना की। आचार्य रामकृष्ण पाठक ने माता रानी का पूजन एवं पाठ संपन्न करवाया। उन्होंने बताया कि मां चंद्रघंटा की पूजा करने से वीरता-निर्भरता के साथ ही सौम्यता एवं विनम्रता का विकास होता है। इनकी पूजा से मुख, नेत्र व शरीर की कांति बढ़ने लगती है। स्वर दिव्य और मधुर होने लगता है।

अमित शौनक ने बताया कि बाघ पर सवार मां दुर्गा की तीसरी शक्ति देवी चंद्रघंटा के मस्तक में घंटे के आकार का अर्धचंद्र विराजमान हैं।

गीता विद्या मंदिर गोहाना में मां चंद्रघंटा की वंदना

गोहाना। गीता विद्या मंदिर, गोहाना में नवरात्रि के पावन पर्व के तीसरे दिन मां दुर्गा के तृतीय स्वरूप मां चंद्रघंटा की श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ अर्चना-वंदना की गई। ऐसे विद्यालय का वातावरण भक्तिमय एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने धार्मिक प्रसंगों, प्रेरक कथाओं और विचारोत्तेजक संबोधनों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, संस्कारों तथा आदर्श जीवन-मूल्यों का संदेश प्राप्त किया। आरोन, दीक्षा एवं सारिका द्वारा मां चंद्रघंटा के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। शिशु वाटिका के प्रभात कक्षा के नन्हे विद्यार्थियों ने पूर्व में प्रस्तुत श्रवण कुमार के प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए रामचरितमानस से जुड़ी राम जन्म की घटना का एक प्रेरणादायक घटना का भावपूर्ण मंचन किया। प्रस्तुति के माध्यम से विद्यार्थियों ने मर्यादा, माता-पिता के प्रति सम्मान, कर्तव्यनिष्ठा और आदर्श चरित्र जैसे जीवन-मूल्यों को प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त किया।